RNI NO PUNBIL/2014/59416

UTURNTIME.COM

# यूटर्न टाइम

The Good, Bad and Ugly of India

FOLLOW US ON @UTURNTIMENEWS

VOL: 10 | ISSUE 345 | MONDAY 22-12-2025 | RS 3 | PAGE-8 | PUBLISHED BY: LUDHIANA | HINDI DAILY NEWSPAPER Visit at : www.uturntime.com



## गुस्ताखी माफ

इतने ग्राहक इक जगह, कहां मिलेंगे और।
हींग लगे ना फिटकरी, जरा कीजिए गौर।
जरा कीजिए गौर, नशे का जेल सहारा।
नहीं भटकना पड़े, यहीं बिक जाता सारा।
कह साहिल कविराय, नशेड़ी जाने कितने।
कहां मिलेंगे और, इक जगह ग्राहक इतने।

– डॉ. राजेन्द्र साहिल




# बच्चों पर माता पिता का नहीं रहा कंट्रोल , बेकाबू हो चुकी लुधियाना की युवा पीढ़ी

# कहीं हाई स्पीड ने ली जान तो कहीं रेस्तरां में टेबल के लिए भिड़े युवा

लुधियाना/यूटर्न/21 दिसंबर। महानगर के लोगों में पैसा सिर चढ़ कर बोलता नजर आ रहा है एक दूसरे से ज्यादा दिखावे बाजी की होड़ में माँ बाप बच्चों पर कंट्रोल खो बैठे है जिसके परिणाम स्वरूप युवा पीढ़ी बेकाबू होती जा रही है। जिसकी जिन्दा मिसाल साउथ सिटी इलाके से लेकर शहर भर के पान स्टोरों के जरिए युवा पीढ़ी को खुलमखुला परोसा जा रहा नशा है। बुद्धिजीवियों की माने तो माँ बाप और दादा दादी सब कुछ नजरों के समक्ष होने के बावजूद आँखे बंद करके यह सोच रहे है की मुसीबत सवयं टल जाएगी लेकिन वे नहीं जानते की मुसीबत का हल निकलना पढ़ता है।

हालात यह है कि कहीं युवा पीढ़ी हाईस्पीड के कारण अपनी जान गवा रही है तो कहीं रेस्तरां में टेबल के लिए युवा आपस में भिड़ गए। जिस कारण इस मारपीट में उन्होंने आपस में एक दूसरे की नाक तोड़ डाली तो किसी की आख फूट गई। लुधियाना में शनिवार रात को हुए इन दोनों घटनाओं को देखकर लगता है कि अब पेरेंट्स का अपने बच्चों पर कंट्रोल नहीं रहा है। वही, शनिवार देर रात को फिरोजपुर रोड पर वेरका मिल्क प्लांट के पास भयानक हादसा हुआ।

बर्थडे पार्टी कर लौट रहे तेज रफ़्तार ब्लेनो कार सवार युवको की टक्कर सामने से आ रही इनोवा कार से हो गई। जिसमें एक लड़की और उनके एल पालतू कुत्ते की मौत हो गई। हादसे के समय युवाओं के साथ उनका पालतू कुत्ता भी कार में था। जबकि पाँच युवाओं समेत छे लोग जख़्मी हो गए।

जिनका इलाज जारी है। इन ज़िख्मयों में एक बीजेपी नेत्री की बेटी और नामी कारोबारी का रिश्तेदार शामिल है। थाना सराभा नगर की पुलिस मामले की जाँच का रही है।

मृतक लड़की ओमेक्स रेजिडेंसी की रहने वाली राजीव सेठी की बेटी राशि सेठी (16) है। जख़्मी पूर्वी, सुहानी, सुखविंदर सिंह, नव्या, सात्विक व देव मल्होत्रा है। जिनका डीएमसी अस्पताल में इलाज जारी है।





### नशे में आधी रात तक घरों से बाहर सड़कों पर घूमते है टीनएजेर्स और युवा

चर्चा है की आज कल लुधियाना में युवा पीढ़ी की और से नया ही ट्रेंड शुरू का दिया गया है। उनकी तरफ से पहले रात को नशे किए जाते है। जिसके बाद रात तक घरों से बाहर रहकर सड़कों पर घूमते रहते है। हैरानी की बात तो यह है कि इन पर उनके पेरेंट्स का भी कंट्रोल नहीं रहा। लेकिन इसका खमेयाजा परिवारों को बाद में भुगतना पड़ता है। जिसके बाद पेरेंट्स बच्चों की सलामती के लिए डॉक्टर्स के आगे गिड़गिड़ाते है।

### तीन की हालत गंभीर

बताया हा रहा है के इस हादसे में जखि्मयों में से पूर्वी और सुहानी की हालत ठीक है। लेकिन वह अस्पताल में दाखिल है। वहीं नव्या, सात्विक और देव की हालत गंभीर है। बताया जा रहा है की नव्या के चेस्ट ट्यूब पड़ी है। वही सात्विक के चेस्ट ट्यूब, रिब्स फ्रैक्चर है और खून जमा हुआ है। वही देव के पेट का मेजर अप्रेशन हुआ है।

### टक्कर के बावजूद दूर तक घिसटती गई कार

जानकारी के अनुसार यह हादसा शनिवार देर रात करीब डेढ़ से दो बजे के बीच हुआ। दरअसल सुहानी का बर्थडे था। जिसके चलते वह सभी ब्लेनो कार से बर्थडे सेलिब्रेट करके लौट थे। चर्चा है की उनकी कार काफी तेज रफ़्तार से थी। जिसके चलते कार का जब एक्सीडेंट हुआ तो उसके बाद भी कार रुकी नहीं और काफी दूर तक घसीटती हुई चली गई।

### पिछली सिट की सेंटर में बैठी थी राशि

वही बताया जा रहा है कि कार देव की थी। कार देव ही चला रहा था। जबकि उसके साथ वाली सीट पर सात्विक बैठा था। वहीं पीछे राशि, नव्या, पूर्वी और सुहानी बैठी थी। पिछली सीट के सेंटर में राशि बैठी थी। जैसे ही टक्कर हुई तो राशि उछलते हुए आगे जा गिरी। जिस कारण उसकी मौत हो गई।

### एल्गिन कैफे में धन्ना सेठों के बच्चों में हुई मारपीट

*वही शनिवार रात को साउथ सिटी स्थित एल्गिन कैफे में भी टेबल के पीछे युवाओं द्वारा मारपीट करने का मामला सामने आया है। कहा जा रहा है की टेबल लेने को लेकर युवाओ में मारपीट इतनी ज्यादा हुई की उन्होंने एक दूसरे के खून तक निकाल दिया। इस दौरान एक युवक की नाक तोड़ दी जबकि एक की आंख फूट गई। हैरानी जनक बात यह है की अक्सर विवादों में रहने वाले रेटुरेन्ट मालिक के आगे हर बार प्रशासन नतमस्तक क्यों दिखता है क्या कैफे में सिक्योरिटी का कोई इंतजाम नहीं।*

## कालका में बुजुर्ग महिला से मारपीट कर स्नैचिंग की कोशिश करने वाला मुख्य आरोपी अवैध हथियारों सहित गिरफ्तार




पंचकुला, यूटर्न, 21 दिसंबर। पंचकूला पुलिस की क्राइम ब्रांच सेक्टर-19 की टीम को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। टीम ने अवैध हथियार के साथ एक शातिर व आदतन अपराधी को गिरफ्तार किया है। एसीपी क्राइम अरविंद कंबोज ने जानकारी देते हुए बताया कि 20 दिसंबर को हमे गुप्त सूत्र से एक युवक के अवैध हथियार के साथ कालका क्षेत्र के गांव कंगुवाला में मौजूद होने की सूचना मिली थी। इसी आधार पर क्राइम ब्रांच सेक्टर-19 के इन्चार्ज मुकेश सैनी के नेतृत्व में टीम ने तुरंत कार्रवाई करते हुए मौके पर दबिश दी और युवक को काबू किया। तलाशी के दौरान युवक के कब्जे से 1 देशी कट्टा और 2 जिंदा कारतूस बरामद किए गए। गिरफ्तार आरोपी की पहचान नितिन उम्र 38 वर्ष, निवासी गांव टिपरा, कालका के रूप में हुई है। आरोपी के खिलाफ थाना कालका में आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर आगे की जांच शुरू की गई। डीसीपी क्राइम एंड ट्रैफिक मनप्रीत सिंह सूदन ने बताया कि आरोपी नितिन एक आदतन अपराधी है। आरोपी ने 11 नवंबर को कालका रेलवे स्टेशन के नजदीक एक मोटरसाइकिल चोरी की थी। इसके अलावा 19 नवंबर की सुबह कालका क्षेत्र में एक बुजुर्ग महिला के साथ मारपीट कर स्नैचिंग करने के प्रयास के मामले में भी आरोपी मुख्य आरोपी था।

# PGI चंडीगढ़ में करोड़ों का महाघोटाला बेनकाब, फर्जी मुहरों से मुफ्त दवाएं निकालकर बाजार में बेचीं

## आयुष्मान, हिमकेयर और प्राइवेट ग्रांट सेल तक फैला नेटवर्क, मास्टरमाइंड दुर्लभ कुमार

अजीत झा

चंडीगढ़, यूटर्न, 21 दिसंबर। चंडीगढ़ स्थित पोस्ट ग्रेजुएट इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल एजुकेशन एंड रिसर्च (PGI) में करोड़ों रुपये के एक बड़े घोटाले का खुलासा हुआ है, जिसने देश की प्रतिष्ठित स्वास्थ्य संस्था की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। जांच में सामने आया है कि आयुष्मान भारत, हिमकेयर और प्राइवेट ग्रांट सेल जैसी योजनाओं के तहत फजीर्वाड़ा कर मुफ्त दवाएं और आर्थिक मदद हड़पी गई, जिन्हें बाद में खुले बाजार में बेचा गया।

जांच एजेंसियों के मुताबिक, इस पूरे घोटाले का मास्टरमाइंड पीजीआई की गोल मार्केट में फोटोस्टेट की दुकान चलाने वाला दुर्लभ कुमार है। सीबीआई ने हाल ही में दुर्लभ कुमार सहित पीजीआई के छह कर्मचारियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। इससे पहले चंडीगढ़ पुलिस की क्राइम ब्रांच उसे आयुष्मान और हिमकेयर घोटाले में गिरफ्तार कर चुकी है।







### फरवरी २०२५ में खुली पोल

घोटाले का पदार्फाश फरवरी 2025 में तब हुआ, जब एक युवक आयुष्मान कार्ड पर करीब 60 हजार रुपये की दवाएं लेने पहुंचा। तलाशी में फर्जी मुहरें और दस्तावेज बरामद हुए। पूछताछ में पूरा नेटवर्क सामने आया।

### गरीब मरीजों की ग्रांट में भी सेंध

जांच में यह भी सामने आया कि प्राइवेट ग्रांट सेल में मृत मरीजों और फर्जी लाभार्थियों के नाम पर पैसा निकलवाकर आरोपियों के खातों में ट्रांसफर किया गया। सीबीआई की एफआईआर में पीजीआई के कई कर्मचारियों और निजी लोगों को आरोपी बनाया गया है। यह घोटाला न केवल सरकारी योजनाओं की विश्वसनीयता पर सवाल खड़ा करता है, बल्कि गरीब मरीजों के हक पर डाका माना जा रहा है। अब सबकी नजर जांच में सामने आने वाले अगले बड़े नामों पर टिकी है।

### फर्जी मुहरों से चलता था खेल

जांच में खुलासा हुआ है कि डॉक्टरों और विभागाध्यक्षों की नकली मुहरों व फर्जी इंडेंट फॉर्म के जरिए अमृत फामेर्सी से महंगी दवाएं मुफ्त में निकाली जाती थीं। ये दवाएं बाद में नामी मेडिकल स्टोर्स पर 10 से 20 फीसदी छूट पर बेची जाती थीं।

## उत्तर भारत का अगला टेक हॉटस्पॉट बना रहा IT सिटी मोहाली

# इन्फोसिस के नक्शे-कदम पर गुरुग्राम, नोएडा और बेंगलुरु की आईटी कंपनियां की अब मोहाली पर नजर

मोहाली/यूटर्न/21 दिसंबर। पंजाब को आईटी और टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में एक नई पहचान देने की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए ग्रेटर मोहाली एरिया डेवलपमेंट अथॉरिटी (जीएमएडीए) ने आईटी सिटी मोहाली को राज्य का सबसे गतिशील रोजगार केंद्र बनाने की तैयारी शुरू कर दी है। इस दिशा में आईटी सिटी में विश्वस्तरीय लैंडस्केपिंग और शहरी सौंदर्यीकरण (अर्बन ब्यूटीफिकेशन) का काम जल्द शुरू किया जाएगा। एयरपोर्ट रोड से सटे सेक्टर 66-बी, 82-ए, 83-ए और 101-ए में लगभग 1,700 एकड़ में फैली आईटी सिटी मोहाली आज तेजी से एक आधुनिक टेक्नोलॉजी और इनोवेशन हब के रूप में उभर रही है। यहां पहले ही 80 से अधिक आईटी कंपनियां, ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर्स (जीसीसी) और उनसे जुड़ी इकाइयां काम कर रही हैं। ये कंपनियां आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, साइबर सिक्योरिटी, नॉलेज प्रोसेस आउटसोर्सिंग (केपीओ) और सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट जैसे अत्याधुनिक क्षेत्रों में सक्रिय हैं। अब तक आईटी सिटी में 80 प्लॉट आवंटित किए जा चुके हैं, जिनमें लगभग 58 लाख वर्ग फुट का बिल्ट-अप एरिया विकसित होने की संभावना है। आने वाले दो वर्षों में इस क्षेत्र से करीब 1.15 लाख प्रत्यक्ष और लगभग 5 लाख अप्रत्यक्ष रोजगार सृजित होने का अनुमान है। यह आंकड़े बताते हैं कि मोहाली न केवल पंजाब बल्कि पूरे उत्तर भारत के लिए आईटी रोजगार का बड़ा केंद्र बन सकता है।




### सरकार, इंडस्ट्री और रियल एस्टेट के प्रयास जरुरी

मंत्री अरोड़ा ने भरोसा जताया कि आने वाले समय में इन्फोसिस जैसी कंपनियों के आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, जीसीसी और डेटा सेंटर्स मोहाली में स्थापित होंगे। हम चाहते हैं कि मोहाली केवल पंजाब का नहीं, बल्कि देश का एक प्रमुख टेक्नोलॉजी हब बने। जहां रोजगार भी हो, निवेश भी और बेहतर जीवनशैली भी। स्पष्ट है कि सरकार, इंडस्ट्री और रियल एस्टेट तीनों के साझा प्रयासों से मोहाली तेजी से आईटी इंडस्ट्री का अगला बड़ा ठिकाना बनता जा रहा है।



### आईटी कंपनियों और जीएमएडीए की बैठक

हाल ही में मोहाली आईटी सिटी आईटी कंपनियां एसोसिएशन के सदस्यों ने जीएमएडीए के चीफ एडमिनिस्ट्रेटर विशेश सरंगल के साथ बैठक की। इस बैठक में एयरपोर्ट रोड से आईटी सिटी तक के पूरे कॉरिडोर और आंतरिक सड़कों की लैंडस्केपिंग व सौंदर्यीकरण पर विस्तार से चर्चा हुई। जीएमएडीए ने संकेत दिए हैं कि जल्द ही इस प्रोजेक्ट के लिए एक अनुभवी और अंतरराष्ट्रीय स्तर के कंसल्टेंट की नियुक्ति की जाएगी। बैठक के दौरान एसोसिएशन के अध्यक्ष और नेटस्मार्ट्ज ग्रुप के सीईओ एवं को-फाउंडर मणिपाल धारीवाल ने कहा कि अगर मोहाली को एक ग्लोबल आईटी डेस्टिनेशन के रूप में स्थापित करना है तो यहां का शहरी वातावरण भी उसी स्तर का होना चाहिए। उन्होंने साफ कहा कि सिर्फ दफ्तरों की इमारतें नहीं, बल्कि खूबसूरत सड़कें, हरियाली, पैदल चलने वालों के लिए बेहतर सुविधाएं और आधुनिक साइनज बेहद जरूरी हैं।

### लैंडस्केपिंग और विजुअल में मोहाली आगे

पंजाब के उद्योग मंत्री संजीव अरोड़ा ने भी भरोसा दिलाया कि मोहाली को लैंडस्केपिंग और विजुअल अपील के मामले में देश के चुनिंदा शहरों की कतार में खड़ा किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सरकार इस बात को समझती है कि आज के दौर में कंपनियां केवल सस्ती जमीन या टैक्स छूट नहीं देखतीं, बल्कि एक बेहतर इंफ्रास्ट्रक्चर भी चाहती हैं।







### मोहाली अगला रियल एस्टेट डेस्टिनेशन बन रहा

सत्या रियल एस्टेट के प्रोप्राइटर रतिश चौहान बताते हैं, ह्लमैं पहले ज्यादातर हिमाचल के सोलन में काम करता था। चंडीगढ़ अब पूरी तरह भर चुका है, इसलिए मोहाली अगला बड़ा रियल एस्टेट डेस्टिनेशन बन रहा है। आईटी कंपनियों के साथ-साथ यहां हाई-पेड जॉब्स करने वाले इंजीनियर्स और प्रोफेशनल्स आ रहे हैं, जो फ्लैट्स और प्राइवेट प्रॉपर्टी खरीद रहे हैं। पोस्ट-कोविड दौर में मोहाली की प्रॉपर्टी रेट्स में तेज बढ़ोतरी हुई है। प्रॉपर्टी डीलर पलविंदर सिंह के अनुसार, ह्लआज मेरे पास आने वाले 25 फीसदी क्लाइंट या तो नोएडा-गुरुग्राम से हैं या फिर फ्रेश ग्रेजुएट्स हैं, जिन्हें मोहाली में पहली नौकरी मिली है। पिछले तीन सालों में फ्लैट्स की कीमतें करीब 25 फीसदी तक बढ़ चुकी हैं।

### एयरोसिटी और सिंगापुर से प्रेरणा

जीएमएडीए के अधिकारियों के अनुसार, आईटी सिटी मोहाली के विकास में दिल्ली एयरोसिटी और सिंगापुर के शहरी डिजाइन मॉडल से प्रेरणा ली जाएगी। इसमें सुंदर और सुव्यवस्थित राउंडअबाउट, हरे-भरे ग्रीन बेल्ट, आकर्षक मीडियन, पैदल यात्रियों के लिए सुरक्षित वॉकवे और आधुनिक वे-फाइंडिंग साइनज शामिल होंगे। एक जीएमएडीए अधिकारी ने बताया कि आईटी सिटी कॉरिडोर को अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप विकसित किया जाएगा, ताकि इसकी एक अलग पहचान बने और यहां काम करने वाले देश-विदेश के प्रोफेशनल्स को एक सामुदायिक भावना भी महसूस हो।

### वर्ल्ड-क्लास आर्किटेक्ट की नियुक्ति

बैठक का एक अहम नतीजा यह रहा कि जीएमएडीए ने लैंडस्केपिंग और सौंदर्यीकरण के लिए एक वर्ल्ड-क्लास आर्किटेक्ट को नियुक्त करने की प्रक्रिया शुरू करने पर सहमति जताई। इसके लिए जल्द ही टेंडर जारी किया जाएगा। उद्देश्य यह है कि आईटी सिटी मोहाली केवल एक ऑफिस स्पेस न रहकर एक आधुनिक, सुंदर और रहने-योग्य अर्बन स्पेस बने।

### रियल एस्टेट में तेजी

आईटी सिटी के विकास का सीधा असर रियल एस्टेट सेक्टर पर भी दिखाई दे रहा है। आईटी सिटी में पहली हाउसिंग स्कीम फरवरी 2014 में लॉन्च की गई थी, जिसमें 325 रेजिडेंशियल प्लॉट 23,500 प्रति वर्ग गज की दर से ऑफर किए गए थे। इसके बाद जुलाई 2016 में 750 प्लॉट 20,000 प्रति वर्ग गज पर और अप्रैल 2018 में तीसरी स्कीम लॉन्च की गई। सचदेवा प्रॉपर्टीज से जुड़ी इम्प्रेसारियो पूनम जैन का कहना है, ह्लमोहाली में अचानक एक बूम देखने को मिल रहा है। पहले एयरपोर्ट की नजदीकी की वजह से मांग बढ़ी और अब आईटी कंपनियों के आने से यहां का रियल एस्टेट और ज्यादा आकर्षक हो गया है।

### बाहर की कंपनियों की नजर मोहाली पर

- आईआईटी मद्रास से पढ़े डेटा साइंटिस्ट प्रदीप शर्मा, जो फिलहाल गुरुग्राम में स्टार्टअप चला रहे हैं, कहते हैं, 'मेरे पास 20 लोगों की टीम है। गुरुग्राम बेहद महंगा है। हमने यहां एक साल का एडवांस रेंट दिया है। लेकिन 2027 के बाद हम उत्तर भारत में सस्ते और बेहतर विकल्प देखेंगे। मोहाली हमारे लिए एक मजबूत विकल्प हो सकता है।'



### आईटी दिग्गज इन्फोसिस 300 करोड़ का निवेश करेगी

- आईटी सेक्टर की दिग्गज कंपनी इन्फोसिस लिमिटेड ने मोहाली में अपने नए कैंपस के लिए 300 करोड़ के निवेश की घोषणा की है। उद्योग मंत्री संजीव अरोड़ा ने बताया कि यह कैंपस आईटी सिटी मोहाली में 30 एकड़ में विकसित किया जाएगा। उन्होंने कहा, 'पहले चरण में 3 लाख वर्ग फुट का निर्माण किया जाएगा, जिसे सभी आवश्यक मंजूरियों के बाद तीन साल में पूरा करने का लक्ष्य है। इससे करीब 2,500 नए रोजगार पैदा होंगे।' दूसरे चरण में 4.8 लाख वर्ग फुट अतिरिक्त एरिया विकसित किया जाएगा। गौरतलब है कि इन्फोसिस 2017 से ही मोहाली में मौजूद है, लेकिन अब इसका विस्तार बड़े पैमाने पर किया जाएगा।




### उद्योग मंत्री संजीव अरोड़ा का विजन

उद्योग मंत्री संजीव अरोड़ा ने यू-टर्न टाइम्स से बातचीत में साफ कहा कि सरकार मोहाली को भविष्य की जरूरतों के हिसाब से तैयार कर रही है। हम मोहाली में लेटेस्ट इंफ्रास्ट्रक्चर लाने की कोशिश कर रहे हैं। आईटी इंडस्ट्री के लिए लैंड यूज बायलॉज में बदलाव किए जा रहे हैं। कंपनियों को अतिरिक्त FAR (फ्लोर एरिया रेशियो) और ज्यादा ग्राउंड कवरेज की सुविधा दी जाएगी। उन्होंने कहा कि सेमीकंडक्टर इंडस्ट्री भविष्य है, इसलिए डेटा सेंटर्स और सेमीकंडक्टर यूनिट्स का स्वागत किया जाएगा। हमने हॉर्टिकल्चर डिपार्टमेंट को भी निर्देश दिए हैं कि मोहाली की लैंडस्केपिंग हैदराबाद और बेंगलुरु की तर्ज पर की जाए।

## मैच खेलने जा रहे शूटिंग खिलाड़ी से राइफल छीनी, अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज

जीरकपुर, यूटर्न, 21 दिसंबर। डेराबस्सी शूटिंग मैच खेलने जा रहे एक खिलाड़ी से मोटरसाइकिल सवार अज्ञात युवकों ने उसकी एयर पिस्टल छीन ली और फरार हो गए। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में जसपिंदर सिंह निवासी अबोहर ने बताया कि वह मोहाली स्थित सोल्वो शूटर्स नामक कोचिंग सेंटर से शूटिंग की कोचिंग ले रहा है। उसे डेराबस्सी में आयोजित शूटिंग मैच में भाग लेने का अवसर मिला था। जसपिंदर के अनुसार, बीती 28 नवंबर को वह अपनी एयर पिस्टल को मोटरसाइकिल की टंकी पर लगे बॉक्स में रखकर डेराबस्सी के लिए निकला था। जब वह जीरकपुर के छत्त लाइट प्वाइंट के पास पहुंचा, तभी लाल रंग की पल्सर मोटरसाइकिल पर सवार दो युवक उसके साथ-साथ चलने लगे। इसी दौरान पीछे बैठे युवक ने किसी नुकीली वस्तु से उस पर वार किया, जबकि मोटरसाइकिल चला रहे युवक ने उसकी बाइक की टंकी पर रखे बॉक्स से एयर पिस्टल छीन ली। इसके बाद दोनों आरोपी मौके से फरार हो गए। जसपिंदर ने आरोपियों का पीछा करने की कोशिश की, लेकिन वे कुछ ही पलों में आंखों से ओझल हो गए।

यूटर्न टाइम

# तीन दिवसीय यार्नेक्स, टेक्सइंडिया और डाइकेम टेक्सप्रोसेस एग्जीबिशन्स के आखिरी दिन मिला भरपूर समर्थन, भारी संख्या में बिजनेस इंक्वायरी





लुधियाना/यूटर्न/21 दिसंबर। भारत के प्रसिद्ध निटवियर और वस्त्र केंद्र लुधियाना में वर्तमान में बहुप्रतीक्षित बी2बी वस्त्र व्यापार प्रदर्शनियों यार्नेक्स का 38वां संस्करण, टेक्सइंडिया का 22वां संस्करण और डाइकेम टेक्सप्रोसेस का 8वां संस्करण का आयोजन किया गया। इन तीनों प्रदर्शनियों का शुक्रवार दाना मंडी, बहादुर के रोड, जालंधर बाईपास, लुधियाना में भव्य उद्घाटन हुआ। इस तीन दिवसीय एग्जीबिशन का रविवार को आखिरी दिन था।

आखिरी दिन भी व्यापारियों का भरपूर समर्थन मिला। दूर दूर से लोग एग्जीबिशन में पहुंचे। एग्जीबिशन में स्टॉलों पर भारी भीड़ देखने को मिली। एग्जीबिशन प्रमोटर्स का कहना है कि भारी संख्या में व्यापारियों द्वारा ऑर्डर मिल रहे है। लोग लगातार दिलचस्पी दिखा रहे हैं। बता दें कि 19 से 21 दिसंबर 2025 तक आयोजित होने वाली तीन दिवसीय प्रदर्शनी में भारत भर से 103 प्रमुख




आपूर्ति श्रृंखला भागीदार एक ही छत के नीचे उत्पादों की एक व्यापक श्रृंखला का प्रदर्शन किया गया। भाग लेने वाली कंपनियां प्राकृतिक और मानव निर्मित रेशे, प्राकृतिक और मिश्रित धागे, लोचदार, फैंसी और विशेष धागे, बुने और बुनाई वाले कपड़े, महिलाओं के वस्त्र, शर्टिंग के कपड़े, आयातित, ऊनी, मुद्रित, ग्रे, प्रसंस्कृत और विशेष कपड़े, ट्रिम्स और अलंकरण, सिलाई और कढ़ाई के धागे और मूल्यवर्धित वस्त्र सेवाओं सहित उत्पादों की एक विस्तृत श्रृंखला का प्रदर्शन किया।

ये तीनों शो पंजाब और देश के अन्य कपड़ा उत्पादक क्षेत्रों के वस्त्र निमार्ताओं और निर्यातकों, अंतरराष्ट्रीय खरीद घरानों और खरीद एजेंटों, कंपोजिट मिलों, पावरलूम बुनकरों, निटरों, वितरकों और थोक विक्रेताओं, परिधान ब्रांडों, आयातकों, फैशन डिजाइनरों, फैशन लेबलों, सोर्सिंग एजेंटों, बड़े रिटेल चेन और व्यापारिक संगठनों के प्रतिनिधियों के लिए एक जीवंत सोर्सिंग और नेटवर्किंग मंच के रूप में कार्य कर रहे हैं। यह भारतीय वस्त्र क्षमताओं में बढ़ती वैश्विक रुचि को दशार्ता है। दो दशकों से अधिक की विरासत के साथ, यार्नेक्स, टेक्सइंडिया और डाइकेम टेक्सप्रोसेस ने स्वयं को भारत के प्रमुख एकीकृत वस्त्र सोर्सिंग प्लेटफॉर्म के रूप में मजबूती से स्थापित कर लिया है।

# कांग्रेस नेता इंदी को मिली राहत, रिहा होते ही तल्ख अंदाज से सोशल मीडिया पर फोटोज वायरल

## लिखा - खानदानी लोग है, दुश्मनों से भी सलीके से पेश आयेंगे







लुधियाना/यूटर्न/21 दिसंबर। लुधियाना में कांग्रेस नेता इंद्रजीत सिंह इंदी को जिला कोर्ट ने रिहा कर दिया वही केस को भी खारीज कर दिया गया. वकील अनुसार पुलिस इंदी के खिलाफ पर्याप्त सबूत नहीं पेश कर पाई । उन पर नगर निगम के बागवानी विभाग के कर्मचारी अजय कुमार से मारपीट करने का आरोप था जिस पर कार्यवाही करते हुए पुलिस ने बीते कल उन्हें गिरफ्तार किया था। हालाकि इनी की जमानत के बाद कांग्रेसियों द्वारा सोशल मीडिया पर इनकी तस्वीरों के साथ काफी कुछ लिखे हुए तेजी से वायरल किया गया । जिसमे इंदी जनता लीडर सन्नी भल्ला और पूर्व मंत्री भारत भूषण आशु है।

इसमें से एक पर सीधे तौर पर लिखा है की निकाल दो ये गलतफहमी कि हम जवाब नही देगे, तैयारी थोड़ी बड़ी है, सब्र रख पल-पल का हिसाब लेगे..।। ज्यादा फिकर मत करना लाजवाब तरीके से पेश आयेंगे। खानदानी लोग है हम, दुश्मनो से भी सलीके से पेश आयेंगे। इस पोस्ट के बाद लुधियाना की राजनीति में हलचल पैदा हो गई है। लोगों इन पोस्टों के अपने अपने मतलब निकाल रहे है कोई इसे सीधी धमकी तो कई इसे सत्तधारियों को चेलेंज की संज्ञा दे रहे है ! बुद्दिजीवीयो में चर्चा है की आखिर यह पोस्ट किसे टारगेट की गई है। वहीं विपक्ष के कड़े तेवर देख राजनीति गलियारों में अलग अलग किसम की चर्चा छिड़ गई है। बुद्धिजीवी लोग इसे आने वाले 2027 के विधानसभा चुनाव का बिगुल कह रहे है। जिसमें विपक्ष द्वारा सरकार के खिलाफ अपना रिएक्शन अभी से जाहिर करना शुरू कर दिया गया है। इसी के चलते एक मामले ही में माहौल इतना गर्म हो गया।

### ममता आशु के दिखे तीखे तेवर

वही इससे पहले दोपहर को इंदी मामले में पूर्व पार्षद ममता आशु की और से निगम के विपक्ष नेता पार्षद शाम सुंदर मल्होत्रा, नेता पंकज काका समेत कई लीडरों के साथ प्रेस कॉन्फ्रेस की गई। इस दौरान एक बार फिर ममता आशु अपने चिर परचित तीखे तेवरों में दिखी। जिसमे उनकी और से इलाके के मंत्री का नाम लिए बिना उन्हें टारगेट किया। उन्होंने कहा कि एक तरफ मंत्री की और से विकास की रफ़्तार चार गुना करने के दावे किए जा रहे थे। लेकिन अब पार्षद पति इंदी द्वारा विकास करवाने की कोशिश की गई तो मामला दर्ज कर दिया गया। ममता आशु ने कहा की आगामी दिनों में सरकार की ज्यादतियों के खिलाफ प्रदर्शन किए जाएंगे।

# कोहरे को लेकर पंचकूला पुलिस की चेतावनी: ओवरस्पीडिंग और ओवरटेकिंग से बचे



पंचकुला, यूटर्न, 21 दिसंबर। पंचकूला में घने कोहरे को देखते हुए आमजन की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए पंचकूला पुलिस द्वारा यातायात एडवाइजरी जारी की गई है। एसीपी ट्रैफिक सुरेन्द्र सिंह ने बताया कि कोहरे के कारण दृश्यता कम हो जाती है, जिससे सड़क दुर्घटनाओं की आशंका बढ़ जाती है। ऐसे में वाहन चालकों से अपील की गई है कि वे कोहरे के दौरान अत्यंत सावधानी के साथ वाहन चलाएं। ओवरस्पीडिंग, ओवरटेकिंग और अचानक लेन बदलने से बचें।

# जेएमडी मॉल मालिक ने सॉलिटेयर पार्टनर्स पर दर्ज कराया 138 का मामला

- भाजपा नेता गुरदीप सिंह गोशा के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी




लुधियाना, यूटर्न, 21 दिसंबर। जेएमडी मॉल के मालिक द्वारा सॉलिटेयर प्रोजेक्ट से जुड़े पार्टनर्स प्रीतम सिंह चावला और भाजपा नेता गुरदीप सिंह गोशा के खिलाफ नेगोशिएबल इंस्ट्रूमेंट एक्ट की धारा 138 के तहत मामला दर्ज कराया गया है। यह मामला बीते दो वर्षों से दिल्ली की अदालत में विचाराधीन था। मामले के अनुसार, भाजपा नेता गुरदीप सिंह गोशा ने सॉलिटेयर में किराए पर ली गई संपत्ति की मेंटेनेंस के लिए कंपनी को लाखों रुपये के चेक दिए थे, जो बैंक में बाउंस हो गए। लगातार भुगतान न होने और कानूनी प्रक्रिया पूरी होने के बाद अदालत ने अब भाजपा नेता गुरदीप सिंह गोशा के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी करते हुए पुलिस को गिरफ्तारी के निर्देश दिए हैं। वहीं, सह-आरोपी प्रीतम सिंह चावला को अदालत ने 25 फरवरी 2026 तक का समय दिया है। इस पूरे मामले पर प्रतिक्रिया लेने के लिए जब भाजपा नेता गुरदीप सिंह गोशा से फोन पर संपर्क किया गया, तो उन्होंने कॉल रिसीव नहीं की। दूसरी ओर, जब कोतवाली थाना प्रभारी जसवीर सिंह से इस संबंध में बात की गई, तो उन्होंने कहा कि अभी तक उनके पास गुरदीप सिंह गोशा के खिलाफ जारी वारंट की कोई कॉपी नहीं पहुंची है और न ही इस बारे में उन्हें कोई आधिकारिक जानकारी है। मामले में अब सबकी नजर पुलिस की अगली कार्रवाई और कोर्ट के निदेर्शों के पालन पर टिकी हुई है।




# मंडी गोबिंदगढ़ में मानवता की मिसाल, जोगिन्द्रा वेलफेयर ट्रस्ट के कैंप से 1624 जरूरतमंदों को राहत, सीएमडी ने ज्योति प्रज्वलित कर किया शुभारम्भ







मंडी गोबिंदगढ़, यूटर्न, 21 दिसंबर। जोगिन्द्रा वेलफेयर ट्रस्ट (रजि.) मंडी गोबिंदगढ़ की ओर से ट्रस्ट के संस्थापक स्वर्गीय सुरेंद्रपाल गर्ग की 9वीं बरसी पर 9वां विशाल निःशुल्क मेडिकल चेकअप व ऑपरेशन कैंप आयोजित किया गया। कैंप का शुभारंभ जोगिन्द्रा ग्रुप ऑफ इंडस्ट्रीज के सीएमडी एवं ट्रस्ट चेयरमैन आदर्श गर्ग ने स्व. सुरेंद्रपाल गर्ग के चित्र के समक्ष ज्योति प्रज्वलित कर किया।

कैंप में राणा अस्पताल सरहिंद, भारत विकास परिषद ट्रस्ट और शंकरा नेत्रालय की विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीमों ने सेवाएं दीं। इस दौरान कुल 1624 मरीजों की जांच की गई। इनमें आंखों, जनरल सर्जरी, पाइल्स, हर्निया, अपेंडिक्स, बच्चेदानी की रसौली और दिव्यांग मरीज शामिल रहे। जांच के बाद 120 आंखों के ऑपरेशन, 510 जनरल ऑपरेशन, 336 पाइल्स ऑपरेशन और 36 दिव्यांगों को





नकली अंग देने के लिए चयन किया गया, जो आगामी दिनों में निःशुल्क किए जाएंगे।

आदर्श गर्ग ने कहा कि यह केवल एक दिवसीय कैंप नहीं, बल्कि हर मरीज को पूर्ण इलाज और फॉलोअप देना ट्रस्ट की प्राथमिकता है। उन्होंने समाज सेवा के इस अभियान को आगे भी जारी रखने का भरोसा दिलाया। कैंप में सैकड़ों मरीजों व उनके परिजनों के लिए लंगर और जलपान की व्यवस्था भी की गई।

# अंबाला-चंडीगढ़ हाईवे पर तेज रफ्तार ट्रक पलटा, नशेड़ी ड्राइवर ने मचाई भगदड़



डेराबस्सी, यूटर्न, 21 दिसंबर। अंबाला-चंडीगढ़ राष्ट्रीय हाईवे पर पिंड देवनगर के पास सेठी ढाबे के सामने एक तेज रफ्तार लकड़ियों से लदे ट्रक के पलटने से बड़ा हादसा हो गया। जानकारी के मुताबिक यह हादसा उस वक्त हुआ जब अंबाला से चंडीगढ़ जा रहा ट्रक ओवरटेक करने की कोशिश कर रहा था। पुलिस और राहगीरों के अनुसार, ट्रक चालक कथित तौर पर नशे की हालत में था। नशे में संतुलन खोने के कारण ट्रक चालक वाहन पर नियंत्रण नहीं रख सका और ओवरटेक करते हुए ट्रक सड़क किनारे पलट गया। हालांकि, इस हादसे में किसी के भी जान-माल का कोई नुकसान नहीं हुआ। ट्रक के पलटने से उसमें लदी भारी लकड़ियां सड़क पर फैल गईं, जिससे हाईवे पर कुछ समय के लिए ट्रैफिक बाधित रहा। मौके पर पहुंची पुलिस ने नशे की हालत में चालक को ट्रक से बाहर निकाला और उसे हिरासत में ले लिया। चालक का मेडिकल परीक्षण भी कराया जा रहा है। पुलिस ने क्रेन की मदद से ट्रक और लकड़ियों को सड़क से हटवाकर हाईवे को फिर से साफ कराया ताकि ट्रैफिक सामान्य रूप से बहाल हो सके। प्रशासन ने लोगों से सावधानी बरतने और तेज गति व नशे में वाहन चलाने से बचने की अपील की है।

# कर भला हो भला संस्था द्वारा साहिबजादों की शहादत को समर्पित चार साहिबजादे फिल्म दिखाई

चरणजीत सिंह चन्न

जगरावं/यूटर्न/21 दिसंबर। पोह के महीने में चल रहे शहीदी सप्ताह के दौरान दशम पिता श्री गुरु गोबिंद सिंह जी के चारों साहिबजादों और माता गुजरी जी की शहादत को समर्पित, तथा स्व. अमित अरोड़ा की याद में रविवार शाम एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। स्थानीय नगर कौंसिल के सामने स्थित कमेटी पार्क में समाज सेवी संस्था कर भला हो भला द्वारा धार्मिक फिल्म चार साहिबजादे संगत को दिखाई गई। इस मौके पर शहरवासियों और संगत ने भारी उत्साह दिखाया। कड़ाके की ठंड के बावजूद करीब 500 के करीब संगत ने हाजिरी भरी और बड़ी ही श्रद्धा भावना के साथ बैठकर फिल्म देखी। सोसाइटी की ओर से आई हुई संगत की सेवा के लिए कॉफी, मट्ठी और बिस्कुट का लंगर भी अटूट बरताया गया। आयोजकों ने कहा कि ऐसे प्रयासों का मकसद नई पीढ़ी को अपने गौरवमयी इतिहास और विरासत के साथ जोड़ना है। समिति की तरफ से किए गए प्रबंध चाहे पहले कम पड़ने लगे लेकिन मेंबरों की सूझबूझ से संगत के बैठने के लिए कुर्सियां और हर तरह का प्रबंध तुरंत पूरा किया गया। समिति सदस्यों ने कहा कि फिल्म देखने आई संगत के चरण उनके सर माथे पर है।



# कॉलोनीवासी नरकीय जीवन जीने को मजबूर, प्रशासन की बेरुखी से लोगों में रोष

डेराबस्सी, यूटर्न, 21 दिसंबर। डेराबस्सी नगर काउंसिल के अंतर्गत आने वाले गांव मुबारकपुरझमीरपुर के वार्ड नंबर 3 स्थित ठाठू कॉलोनी के हालात दिन-ब-दिन बद से बदतर होते जा रहे हैं। कॉलोनी की गलियों और नालियों में लंबे समय से गंदा और दूषित पानी जमा होने के कारण स्थानीय निवासी नारकीय जीवन जीने को मजबूर हैं। चारों ओर फैली गंदगी और बदबू से लोगों में गंभीर बीमारियों का खतरा मंडरा रहा है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि जल निकासी की उचित व्यवस्था न होने के कारण नालियों का गंदा पानी गलियों में फैल जाता है, जिससे घरों से बाहर निकलना भी मुश्किल हो गया है। गलियों में भरे



दूषित पानी के कारण मच्छरों का प्रकोप बढ़ गया है और डेंगू, मलेरिया व त्वचा रोग फैलने की आशंका बनी हुई है। कॉलोनीवासियों ने बताया कि सबसे ज्यादा परेशानी स्कूली बच्चों और बुजुर्गों को हो रही है। कीचड़ और गंदगी के कारण बच्चों को स्कूल आने-जाने में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है, वहीं बुजुर्गों के फिसलने का भी डर बना रहता है। लोगों का आरोप है कि वे कई बार संबंधित अधिकारियों और नगर काउंसिल प्रशासन को इस समस्या से अवगत करा चुके हैं, लेकिन हर बार उन्हें केवल आश्वासन ही मिला है। कॉलोनीवासियों ने कहा कि वे नियमित रूप से टैक्स अदा करते हैं, इसके बावजूद उन्हें मूलभूत सुविधाओं से वंचित रखा जा रहा है। ऐसा प्रतीत होता है कि प्रशासन किसी बड़े हादसे या महामारी फैलने का इंतजार कर रहा है। इस बीच कॉलोनीवासियों ने प्रशासन को चेतावनी दी है कि यदि आने वाले दिनों में गलियों की साफ-सफाई और पानी की निकासी का स्थायी समाधान नहीं किया गया, तो वे नगर काउंसिल कार्यालय के सामने धरना-प्रदर्शन करने को मजबूर होंगे।

# गीतांजलि अरोड़ा मलिक बनीं मिसेज इंडिया लेगेसी 2025, जीरकपुर का नाम किया रोशन

जीरकपुर, यूटर्न, 21 दिसंबर। ट्राइसिटी की प्रतिभा अब राष्ट्रीय मंच पर अपनी चमक बिखेर रही है। जीरकपुर के पीरमुछल्ला स्थित बॉलीवुड हाइट्स-1 की स्थानीय निवासी गीतांजलि अरोड़ा मलिक ने नई दिल्ली में आयोजित प्रतिष्ठित डायडेम मिसेज इंडिया लेगेसी 2025 का खिताब जीतकर न सिर्फ अपने परिवार, बल्कि पूरे जीरकपुर का मान बढ़ाया है। उनकी इस उपलब्धि से इलाके में खुशी और गर्व का माहौल है।

डायडेम मिसेज इंडिया लेगेसी 2025 का ग्रैंड फिनाले 18 दिसंबर 2025 को नई दिल्ली में आयोजित किया गया, जिसमें देशभर से कड़ी स्क्रीनिंग प्रक्रिया के बाद चुनी गई 25 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता के दौरान विभिन्न राउंड आयोजित किए गए, जिनमें पर्सनैलिटी राउंड, इंट्रोडक्शन, सवाल-जवाब और रैंप वॉक शामिल थे। इन सभी चरणों में गीतांजलि अरोड़ा मलिक ने अपनी




बुद्धिमत्ता, आत्मविश्वास, सकारात्मक सोच और प्रभावशाली व्यक्तित्व से जूरी को प्रभावित किया।

प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल ने गीतांजलि की स्पष्ट सोच, सामाजिक मुद्दों पर जागरूकता और आत्मविश्वास को विजेता बनने का प्रमुख आधार बताया। फाइनल राउंड में उनके सटीक और प्रभावी जवाबों ने उन्हें अन्य प्रतिभागियों से अलग पहचान दिलाई और अंततः उन्हें मिसेज इंडिया लेगेसी 2025 का ताज पहनाया गया। गीतांजलि की इस उपलब्धि की खबर जैसे ही जीरकपुर पहुंची, बॉलीवुड हाइट्स-1 सोसायटी में जश्न का माहौल बन गया। स्थानीय निवासियों और सोसायटी के सदस्यों ने मिठाइयां बांटकर खुशी जाहिर की। निवासियों का कहना है कि गीतांजलि की सफलता ने यह साबित कर दिया है कि दृढ़ निश्चय, आत्मविश्वास और निरंतर मेहनत के दम पर किसी भी मुकाम को हासिल किया जा सकता है। उन्होंने युवाओं और महिलाओं के लिए एक प्रेरणादायक उदाहरण पेश किया है। गीतांजलि ने अपनी सफलता का श्रेय अपने परिवार के सहयोग और निरंतर अभ्यास को दिया। उनका कहना है कि यह खिताब केवल उनका नहीं, बल्कि उन सभी महिलाओं का है जो अपने सपनों को साकार करने की हिम्मत रखती हैं।

# मान सरकार का बड़ा फैसला : एमपी गुप्ता के इस्तीफे के बाद अब अभिनेता चहल बने पंजाब इकोनॉमिक बोर्ड के वाइस चेयरमैन

चंडीगढ़, यूटर्न, 21 दिसंबर। पंजाब की भगवंत मान सरकार ने एक अहम निर्णय लेते हुए प्रसिद्ध अभिनेता और निर्माता गुलजार इंदर चहल को राज्य के इकोनॉमिक बोर्ड का वाइस चेयरमैन नियुक्त किया है। इस पद के साथ उन्हें कैबिनेट मंत्री का दर्जा दिया गया है, जिससे वे कैबिनेट स्तर के सभी अधिकारों का उपयोग कर सकेंगे। गौरतलब है की लिस्से पूर्व ट्राइडेंट समहू के चेयरमैन राजेंदर गुप्ता कई वर्षों से इस पद पर आसीन थे। उनके राज्य सभा एमपी बनने के बाद यह पद रिक्त हो गया था।

इकोनॉमिक बोर्ड के वाइस चेयरमैन के तौर पर गुलजार इंदर चहल राज्य की आर्थिक नीतियों, निवेश, उद्योग, रोजगार और विकास से जुड़े मुद्दों पर सरकार को सलाह देंगे। सरकार को उम्मीद है कि उनके अनुभव और व्यापक दृष्टिकोण से पंजाब की अर्थव्यवस्था को नई दिशा मिलेगी। चहल पंजाबी फिल्म इंडस्ट्री का जाना-माना नाम हैं। उन्होंने हरभजन मान के साथ फिल्म जग जिओंदियां दे मेले सहित कई चर्चित पंजाबी और बॉलीवुड फिल्मों में काम किया है। वे पटियाला जिले के पहले ऐसे युवा हैं, जिन्होंने हॉलीवुड फिल्म द एक्स्ट्राऑर्डिनरी जर्नी ऑफ फकीर को प्रोड्यूस किया। सरकार का मानना है कि उनके अंतरराष्ट्रीय अनुभव से राज्य की आर्थिक योजनाओं को मजबूती मिलेगी।





एमपी राजेन्द्र गुप्ता

## पंजाब की अर्थव्यवस्था को मिलेगी नई दिशा : महिंद्रू

निक्स इंडिया के डायरेक्टर शिवम महिंद्रू ने कहा की 'गुलजार इंदर चहल को इकोनॉमिक बोर्ड का वाइस चेयरमैन बनाए जाने पर हार्दिक बधाई। हमें विश्वास है कि इनके अनुभव से पंजाब की अर्थव्यवस्था को नई दिशा मिलेगी।'

## पंजाब विकास और निवेश को मिलेगा प्रोत्साहन : भाटिया

आईएमसी के एमडी सत्यं भाटिया ने कहा की मान सरकार के इस अहम फैसले पर गुलजार इंदर चहल को शुभकामनाएं। इनकी सोच और नेतृत्व से पंजाब विकास और निवेश के नए मुकाम हासिल करेगा।

# अलग-अलग स्थानों से 5 मामलों में 7 नशा तस्कर गिरफ्तार, हेरोइन और नशीली गोलियाँ बरामद

चरणजीत सिंह चन्न

जगरांव/यूटर्न/21/दिसंबर। थाना दाखा की पुलिस ने गश्त के दौरान दो युवकों को हेरोइन सहित गिरफ्तार किया है। एएसआई आत्मा सिंह ने बताया कि जब वह पुलिस पार्टी के साथ रुड़का की ओर जा रहे थे, तब एक सुनसान कॉलोनी के पास दो युवक संदिग्ध अवस्था में बैठे दिखाई दिए। पुलिस को देखकर उन्होंने हाथ में पकड़ा मोमी लिफाफा फेंककर भागने की कोशिश की, लेकिन पुलिस ने दोनों को तुरंत पकड़ लिया। आरोपियों की पहचान सदीक मोहम्मद निवासी जागपुर तथा जशनप्रीत सिंह उर्फ जशन निवासी बरसाल (वर्तमान निवासी मुल्लांपुर) के रूप में हुई। उनके द्वारा फेंके गए लिफाफे से 4 ग्राम हेरोइन बरामद हुई, जिस पर मामला दर्ज कर लिया गया है। थाना सिटी जगराओं के एएसआई रणधीर सिंह ने चेकिंग के दौरान एक युवक को नशीली गोलियों सहित पकड़ा है। पुलिस पार्टी जब पुल सुआ से बारदके गांव की ओर जा रही थी, तब एक बाइक सवार युवक पुलिस को देखकर भागने लगा। शक के आधार पर जब उसकी तलाशी ली गई, तो उसकी पैंट की जेब से 30 नशीली गोलियां बरामद हुई।



गिरफ्तार व्यक्ति की पहचान परदीप सिंह निवासी जस्सोवाल, थाना सुधार के रूप में हुई। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर आगे की जांच शुरू कर दी है। थाना सदर रायकोट के अधीन चौकी लोहटबद्दी के इंचार्ज इंस्पेक्टर कुलदीप कुमार ने एक युवक को नशीली गोलियों सहित पकड़ा। जब पुलिस पार्टी कलसियां दाना मंडी के पास पहुंची, तो एक युवक की तलाशी ली गई, तो उसके पास से 20 नशीली गोलियाँ मिलीं। आरोपी की पहचान हरदीप सिंह उर्फ निका निवासी बैंक कॉलोनी, रायकोट के रूप में हुई। इंस्पेक्टर कुलदीप कुमार ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी पर पहले भी 6 मुकदमे दर्ज हैं, जिनमें से 4 मामला आर्म्स एक्ट के अंतर्गत है। थाना सिटी रायकोट के एसआई गुरसेवक सिंह को मुखबिर खास से सूचना मिली थी कि गोबिंद सिंह उर्फ गोबिंदा निवासी मोहल्ला गुरु नानकपुरा नशा बेचने का आदी है और वह सैक्रेड हार्ट स्कूल की पिछली सड़क पर ग्राहकों की प्रतीक्षा कर रहा है। सूचना के आधार पर पुलिस ने रेड कर आरोपी को पकड़ लिया और उसके पास से 20 नशीली गोलियाँ बरामद हुई। पुलिस ने उस पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## बिजली ग्रिड के पास दो युवकों को नशीली गोलियों सहित दबोचा

थाना जोधा के एसआई गुरचरण सिंह ने दोलों खुर्द के पास बिजली ग्रिड इलाके से दो युवकों को नशीली गोलियों सहित गिरफ्तार किया है। गश्त के दौरान जब पुलिस पार्टी वहां पहुंची, तो दोनों युवकों को काबू कर लिया। आरोपियों की पहचान हरजोत सिंह उर्फ जोत निवासी खंडूर और मनमोहन सिंह उर्फ मोहणा निवासी रत्ना के रूप में हुई। उनके फेंके लिफाफों से 20 नशीली गोलियाँ बरामद हुई। पुलिस ने दोनों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

# ग्रीन लोटस प्रोजेक्ट में अनैतिक धंधे पर छापा, स्पा सेंटर सील

## 7 युवतियां रेस्क्यू, एक ग्राहक गिरफ्तार

जीरकपुर, यूटर्न, 21 दिसंबर। जीरकपुर के ग्रीन लोटस प्रोजेक्ट स्थित मार्केट में अनैतिक गतिविधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए जीरकपुर पुलिस ने शनिवार देर शाम बड़ा छापा मारा। डीएसपी गजल प्रीत कौर के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने जेनेक्स स्पा सेंटर पर दबिश देकर मसाज की आड़ में चल रहे अवैध देह व्यापार का खुलासा किया। कार्रवाई के दौरान पुलिस ने मौके से 7 युवतियों को रेस्क्यू किया, जबकि एक ग्राहक को रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने स्पा सेंटर को तत्काल प्रभाव से सील कर दिया है।

पुलिस अधिकारियों के अनुसार, जेनेक्स स्पा सेंटर को लेकर लंबे समय से संदिग्ध गतिविधियों की शिकायतें मिल रही थीं। स्थानीय लोगों का आरोप था कि यहां मसाज के नाम पर अनैतिक धंधा संचालित किया जा रहा है। शिकायतों की गंभीरता को देखते हुए डीएसपी गजल प्रीत कौर के निर्देश पर एक विशेष टीम का गठन किया गया। टीम ने पूरी योजना के तहत एक डमी ग्राहक भेजकर पहले स्थिति की पुष्टि की और इसके बाद शनिवार शाम अचानक छापा मारकर कार्रवाई को अंजाम दिया गया।

छापेमारी के दौरान पुलिस टीम ने स्पा सेंटर के अलग-अलग कमरों की तलाशी ली। इस दौरान वहां से आपत्तिजनक सामग्री बरामद की गई, जिससे अवैध गतिविधियों की पुष्टि हुई। मौके पर मौजूद स्टाफ से भी पूछताछ की गई। पुलिस ने वहां फंसे हालात में मिली 7 युवतियों को सुरक्षित बाहर निकालकर रेस्क्यू किया। सभी युवतियों को काउंसलिंग और मेडिकल जांच के लिए भेजा गया है, ताकि उनकी स्थिति का आकलन किया जा सके।



कार्रवाई के दौरान एक ग्राहक को भी मौके से गिरफ्तार किया गया, जो स्पा सेंटर में अनैतिक गतिविधियों में लिप्त पाया गया। पुलिस अब गिरफ्तार आरोपी से पूरे नेटवर्क को लेकर गहन पूछताछ कर रही है। जांच में यह भी पता लगाने की कोशिश की जा रही है कि इस रैकेट से और कौन-कौन लोग जुड़े हुए हैं और इसे कब से संचालित किया जा रहा था।

> स्पा सेंटर से पूरा रिकॉर्ड कब्जे में लिया गया है। रेस्क्यू की गई युवतियों से पूछताछ की जा रही है और पूरे नेटवर्क की जांच जारी है।
> नरिंदर कुमार, जांच अधिकारी

जांच अधिकारी नरिंदर कुमार ने बताया कि स्पा सेंटर से संबंधित पूरा रिकॉर्ड पुलिस ने कब्जे में ले लिया है। इसमें रजिस्टर, सीसीटीवी फुटेज और अन्य दस्तावेज शामिल हैं। साथ ही यह भी जांच की जा रही है कि रेस्क्यू की गई युवतियां किन राज्यों की रहने वाली हैं और उन्हें यहां किस तरह लाया गया था। पुलिस ने स्पा संचालक और स्टाफ के खिलाफ अनैतिक व्यापार (निवारण) अधिनियम सहित अन्य संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि शहर में इस तरह की अवैध गतिविधियों को किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और आगे भी ऐसे स्थानों पर सख्त नजर रखी जाएगी।

# घने कोहरे ने थामी रफ्तार, जीरकपुर-अंबाला हाईवे पर घंटों जाम

जीरकपुर, यूटर्न, 21 दिसंबर। जीरकपुर में पिछले कुछ दिनों से ठंड बढ़ने के साथ ही अब घने कोहरे ने जनजीवन को पूरी तरह अस्त-व्यस्त करना शुरू कर दिया है। शनिवार सुबह जीरकपुर-अंबाला नेशनल हाईवे पर धुंध की इतनी घनी चादर छाई रही कि विजिबिलिटी बेहद कम हो गई। हालात ऐसे बन गए कि वाहन रेंगते हुए चलते नजर आए और कुछ ही समय में हाईवे पर लंबा जाम लग गया। सुबह से ही डेराबस्सी, लालडू और जीरकपुर के इलाकों में घना कोहरा छाया रहा, जिससे यातायात व्यवस्था बुरी तरह प्रभावित हुई।

जीरकपुर-अंबाला नेशनल हाईवे पर कोहरे के कारण वाहनों की रफ्तार लगभग थम सी गई। वाहन चालक एहतियातन बेहद धीमी गति से वाहन चलाते दिखे, जिसके चलते कई किलोमीटर लंबा जाम लग गया। हाईवे पर चलने वाले भारी वाहन, ट्रक और बसों की गति कम होने से ट्रैफिक दबाव और ज्यादा बढ़ गया। खासकर ढकोली चौक, बलटाना और जीरकपुर के एंट्री पॉइंट पर हालात सबसे ज्यादा खराब रहे। कई स्थानों पर वाहन रेंगते हुए चलते दिखाई दिए, जबकि कुछ जगहों पर ट्रैफिक पूरी तरह ठप हो गया।





अंबाला से चंडीगढ़ की ओर आने वाले ट्रैफिक की रफ्तार इतनी धीमी रही कि यात्रियों को तय दूरी तय करने में सामान्य से लगभग दोगुना समय लग गया। सिंहपुरा चौक और वीआईपी रोड कट के पास वाहनों की लंबी कतारें देखी गईं। जाम के कारण दफ्तर जाने वाले कर्मचारियों, स्कूल बसों और माल ढुलाई करने वाले वाहनों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। कई लोग तय समय पर अपने कार्यस्थल नहीं पहुंच सके, वहीं स्कूली बच्चों को भी देरी का सामना करना पड़ा।

कोहरे के चलते दुर्घटना की आशंका को देखते हुए अधिकांश वाहन चालक हेडलाइट और फॉग लाइट जलाकर चलते नजर आए। बावजूद इसके, कम विजिबिलिटी के कारण वाहन चालकों को काफी सतर्कता बरतनी पड़ी। कुछ स्थानों पर हल्की-फुल्की टक्कर की घटनाएं भी सामने आईं, हालांकि किसी बड़े हादसे की सूचना नहीं मिली।

> कोहरे के कारण विजिबिलिटी काफी कम है। वाहन चालक लो-बीम लाइट का प्रयोग करें और सुरक्षित दूरी बनाकर चलें, ताकि किसी भी दुर्घटना से बचा जा सके।
> ट्रैफिक पुलिस अधिकारी

ट्रैफिक पुलिस ने स्थिति को संभालने के लिए प्रमुख चौकों और कटों पर अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया। पुलिस कर्मी जाम खुलवाने और वाहनों को व्यवस्थित ढंग से निकालने में जुटे रहे। ट्रैफिक पुलिस ने वाहन चालकों से अपील की है कि वे कोहरे के दौरान हाई-बीम की बजाय लो-बीम लाइट का इस्तेमाल करें और आगे चल रहे वाहन से सुरक्षित दूरी बनाए रखें।

मौसम विभाग के अनुसार अगले दो से तीन दिनों तक कोहरे की स्थिति बनी रह सकती है। ऐसे में प्रशासन और ट्रैफिक पुलिस ने लोगों से अनावश्यक यात्रा से बचने और बेहद सावधानी के साथ वाहन चलाने की अपील की है।

# भावना से जपा राम नाम ही दिलाता है कृपा और आनंद: संत अश्वनी बेदी

## राम नाम शक्ति का घर है, भावना हो तो कृपा स्वयं अवतरित होती है




महेश मित्तल


उमा मित्तल


बहार प्रकाश


श्रुति थापर


आशिमा बेदी


अशोक धवन


सुदर्शन जैन


प्रिया गंभीर


सुमन जैन


रेणु प्रकाश


चेतन प्रकाश


हेमराज अग्रवाल


सुंदर दास धमीजा

लुधियाना: श्री राम शरणम्, श्री राम पार्क, रानी झांसी रोड पर चल रहे 71वें राम नाम अखंड जप महायज्ञ के दौरान श्री स्वामी सत्यानंद जी महाराज की वाणी का भावपूर्ण संदेश सुनाते हुए संत अश्वनी बेदी जी ने कहा कि राम नाम केवल जप का विषय नहीं, बल्कि परम कृपा का साक्षात स्वरूप है। उन्होंने कहा कि जब राम नाम को इस भावना से जपा जाता है कि परम पिता श्रीराम उसमें विराजमान हैं, तभी साधक को वास्तविक लाभ प्राप्त होता है। संत बेदी जी ने कहा कि भावना के बिना आराधना निष्प्राण हो जाती है। जैसे भोजन की इच्छा न हो तो मुख उसे स्वीकार नहीं करता, वैसे ही बिना भावना के राम नाम का फल प्राप्त नहीं होता। श्रीराम कृपा स्वरूप हैं और उनके नाम के आराधन से केवल कृपा ही प्राप्त होती है—ज्ञानमयी, शक्तिमयी और सुखमयी। उन्होंने बताया कि राम नाम बीजाक्षर है, जिसमें अपार शक्ति निहित है। निरंतर साधना और दृढ़ निश्चय से साधक को सिद्धि प्राप्त होती है। इस अवसर पर महेश मित्तल, उमा मित्तल, कुलवंत सिंह सिद्धू सहित अनेक श्रद्धालु व साधक उपस्थित रहे।

# निरंकारी मिशन के रक्तदान शिविर में 148 श्रद्धालुओं ने किया रक्तदान



डेराबस्सी, यूटर्न, 21 दिसंबर। संत निरंकारी मिशन की ओर से मानवता की सेवा को समर्पित एक और प्रेरणादायक पहल के तहत संत निरंकारी सत्संग भवन, मुबारिकपुर में भव्य रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज के पावन आशीर्वाद से आयोजित इस शिविर में कुल 148 श्रद्धालुओं ने स्वेच्छा से रक्तदान कर जरूरतमंदों के लिए जीवनदान दिया। शिविर का आयोजन संत निरंकारी चैरिटेबल फाउंडेशन के नेतृत्व में किया गया। रक्तदान शिविर का उद्घाटन चंडीगढ़ जोन के जोनल इंचार्ज ओ.पी. निरंकारी जी ने स्थानीय मुखी सुखदर्शन लाल जी और अन्य गणमान्य व्यक्तियों के साथ किया। इस अवसर पर ओ.पी. निरंकारी जी ने रक्तदाताओं द्वारा इंसानियत के लिए किए गए इस नेक कार्य की सराहना करते हुए सतगुरु माता सुदीक्षा जी ओ.पी. निरंकारी जी ने जानकारी दी कि वर्ष 2025-26 के दौरान चंडीगढ़ जोन में लगभग 20 रक्तदान शिविर लगाए जाएंगे, जिनमें करीब 3000 श्रद्धालु रक्तदान करेंगे। उन्होंने कहा कि आज के दौर में सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज, बाबा हरदेव सिंह जी महाराज के संदेश 'रक्त नालियों में नहीं, नाड़ियों में बहना चाहिए' को आत्मसात कर समाज को मानवता और सेवा के मार्ग पर आगे बढ़ने की प्रेरणा दे रही हैं।

## रूह से रूबरू

### बांग्लादेश में हिंदू की धार्मिक हत्या भविष्य के लिए एक भयावह संकेत


चारू नागपाल





बांग्लादेश में हिंदू युवक दीपू की शक के बिनाह पर निर्मम हत्या करके पेड़ से टाँग कर भरी भीड़ में जला दिया गया और लोग अपने अपने फोन में वीडियो बनाते रहे और मानवता को शर्मसार करते रहे। बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिंदुओं पर हो रहे धार्मिक हमले और हत्याएँ केवल एक देश की आंतरिक समस्या नहीं हैं, बल्कि यह पूरेदक्षिण एशिया और मानवता के भविष्य के लिए एक गंभीर चेतावनी हैं। जब किसी व्यक्ति को केवल उसके धर्म के कारण निशाना बनाया जाता है, तो यह सभ्यता की असफलता को दशार्ता है। मंदिरों पर हमले, घरों की आगजनी, जबरन पलायन और निर्दोष लोगों की हत्याएँ यह बताती हैं कि धार्मिक असहिष्णुता किस हद तक समाज को खोखला कर सकती है।

यह स्थिति इसलिए भी भयावह है क्योंकि इससे आने वाली पीढ़ियों के मन में डर, अविश्वास और घृणा का बीज बोया जाता है। यदि आज अन्याय के खिलाफ आवाज नहीं उठाई गई, तो कल यह आग किसी भी समाज को अपनी चपेट में ले सकती है। लोकतंत्र और मानवाधिकार तभी जीवितरह सकते हैं जब हर नागरिक को बिना डर के अपने धर्म का पालन करने की स्वतंत्रता मिले। अंतरराष्ट्रीय समुदाय और बांग्लादेश की सरकार की यह जिम्मेदारी है कि वे दोषियों पर सख्त कार्रवाई करें और अल्पसंख्यकों की सुरक्षा सुनिश्चित करें। चुप्पी और उदासीनता भविष्य को और अधिक अंधकारमय बना सकती है। धार्मिक सहिष्णुता ही शांति और प्रगति का एकमात्र मार्ग है।

## कानूनी बात - निशांत प्रभाकर के साथ


निशांत प्रभाकर, एडवोकेट

**Perjury क्या होती है? झूठी गवाही देने पर क्या सजा हो सकती है?**

अदालत में गवाही देना केवल एक औपचारिक प्रक्रिया नहीं, बल्कि कानूनी जिम्मेदारी (Legal Duty) है। जब कोई व्यक्ति जानबूझकर अदालत के सामने झूठ बोलता है, तथ्यों को छुपाता है या गलत बयान देता है, तो इसे Perjury (झूठी गवाही) कहा जाता है।

**1. Perjury का अर्थ क्या है?**

Perjury का मतलब है— अदालत या न्यायिक कार्यवाही में जानबूझकर झूठा बयान देना, या सच जानते हुए भी गलत तथ्य पेश करना। यह न्याय प्रणाली को गुमराह करने का गंभीर अपराध है।

**2. कानून क्या कहता है?**

Perjury का प्रावधान Bharatiya Nyaya Sanhita (BNS), 2023 में किया गया है। यदि कोई व्यक्ति शपथ (Oath) लेकर झूठी गवाही देता है, तो उस पर आपराधिक कार्रवाई (Criminal Action) हो सकती है।

**3. सजा क्या हो सकती है?**

झूठी गवाही साबित होने पर: जुमार्ना (Fine), कारावास (Imprisonment) या दोनों लगाए जा सकते हैं। सजा इस बात पर निर्भर करती है कि झूठी गवाही से केस पर कितना प्रभाव पड़ा।

**4. क्या हर गलत बयान Perjury होता है?**

नहीं। अगर बयान भूलवश, भ्रम में या याददाश्त की कमी के कारण गलत हो—तो वह Perjury नहीं मानी जाती। Perjury तभी बनती है जब यह साबित हो कि बयान जानबूझकर और इरादतन (Intentionally) झूठा दिया गया है।

**5. Perjury की शिकायत कैसे होती है?**

कोई भी व्यक्ति सीधे Perjury का केस दर्ज नहीं करा सकता। अदालत स्वयं यह तय करती है कि झूठी गवाही हुई है या नहीं, और फिर Court के आदेश से ही Perjury की कार्यवाही शुरू होती है।

निष्कर्ष : Perjury केवल झूठ बोलना नहीं, बल्कि न्याय के साथ धोखा है। अदालत में दिया गया हर शब्द मायने रखता है, क्योंकि न्याय की नींव सच्ची गवाही (Truthful Testimonfy) पर ही टिकी होती है।

# देश-विदेश से पधारे लाखों भक्त अखंड महायज्ञ में आहूतियां डालकर मां बगलामुखी के दरबार से प्राप्त करेगें खुशियां : महंत प्रवीण





लुधियाना, यूटर्न, 21 दिसंबर। पक्खोवाल रोड स्थित मां बगलामुखी धाम में 243 घंटे के अखंड महायज्ञ का आयोजन 11 फरवरी से 21 फरवरी,2026 तक किया जाएगा। मां बगलामुखी धाम के पावन प्रांगण में मां बगलामुखी धाम प्रमुख महंत प्रवीण जी के सानिध्य में अखंड महायज्ञ की तैयारियों संबधी सेवकों की बैठक का आयोजन किया गया जिसमें सेवको ने तन-मन-धन से 243 घंटे के अखंड महायज्ञ में 24 घंटों सेवा करने का संकल्प किया । वही इस दौरान एससी कमिशन पंजाब सरकार के चैयरमैन जसबीर सिंह गढ़ी ने मां बगलामुखी धाम में नतमस्तक होकर मां बगलामुखी का आशीर्वाद प्राप्त किया । महंत प्रवीण जी ने जसबीर सिंह गढ़ी को मां बगलामुखी का स्वरूप भेंट कर सम्मानित किया । अखंड महायज्ञ की जानकारी देते हुए महंत प्रवीण जी ने कहा कि देश-विदेश से मां बगलामुखी के लाखों अनन्य भक्त शंखनाद की ध्वनि के बीच अखंड महायज्ञ में आहूतियां डालकर मां बगलामुखी के दरबार से आशीर्वाद व खुशियां प्राप्त करेगे वही धाम के सेवक 8-8 घंटे तीन भागों में 24 घंटे भक्तों की सेवा में उपस्थित रहेगें । अखंड महायज्ञ में देश भर से संत समाज भक्तों को प्रवचनों के माध्यम से आशीर्वाद देगा । उन्होने देश-विदेश में रहने वाले सनातन प्रेमीयों से आग्रह करते हुए कहा कि वह खुद भी यज्ञ में आहुतियां डालें व अपने मित्र परिवारों तक भी आखंड यज्ञ का संदेश पंहुचा कर धर्म के प्रति अपना कर्तव्य निभाएं। धाम के प्रमुख सेवक मनप्रीत छतवाल ने बताया आखंड महायज्ञ के दौरान हवन साम्रगी धाम की तरफ से निशुल्क दी जाएगी वही आने वाले भक्तों के लिए लंगर की विशेष व्यवस्था की गई ।

# स्थानीय कौशल और आधुनिक तकनीक से युवा बनें रोजगार सृजनकर्ता: सीएम नायब सिंह सैनी



चंडीगढ़, यूटर्न, 21 दिसंबर। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने युवाओं से आह्वान किया कि वे स्थानीय कौशल को आधुनिक तकनीक से जोड़कर नौकरी खोजने वाले नहीं, बल्कि रोजगार देने वाले बनें। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार युवाओं की उद्यमशीलता को बढ़ावा देने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है और मुद्रा योजना, स्टैंड-अप इंडिया व एमएसएमई के लिए विशेष सब्सिडी जैसी योजनाओं से सहयोग कर रही है।

मुख्यमंत्री पंचकूला में आयोजित स्वदेशी महोत्सव-2025 के उद्घाटन अवसर पर बोल रहे थे। उन्होंने बताया कि हरियाणा में 12 लाख से अधिक एमएसएमई कार्यरत हैं, जो करीब 65 लाख लोगों को रोजगार दे रहे हैं। सरकार का लक्ष्य प्रत्येक ब्लॉक के विशिष्ट उत्पाद की पहचान कर उसे राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ;ब्रांड इंडिया' के रूप में स्थापित करना है। नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आत्मनिर्भर भारत के संकल्प के तहत स्वदेशी को नई दिशा मिली है। हरियाणा में 9,500 से अधिक स्टार्टअप सक्रिय हैं और उन्हें सहयोग देने के लिए 2,000 करोड़ रुपये का फंड ऑफ फंड्स तैयार किया जा रहा है।

# पंजाब में फर्जी सर्टिफिकेट से सरकारी नौकरी, पीएसईबी की वेरिफिकेशन में खुली पोल, रिकॉर्ड में ब्लैकलिस्ट किया

मोहाली/यूटर्न/21 दिसंबर। पंजाब में फर्जी सर्टिफिकेट से सरकारी नौकरी हासिल करने का मामला सामने आया है। पंजाब स्कूल शिक्षा बोर्ड में बीपीईओ बनूड़ से पहुंचा सर्टिफिकेट जाली निकला है। जांच में पता चला है कि यह सर्टिफिकेट महिला को बोर्ड की तरफ से जारी नहीं किया गया था। इसके बाद बोर्ड ने अपने रिकॉर्ड में उक्त महिला को ब्लैकलिस्ट कर दिया है। साथ ही आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।



### २001 का बना था, नाम एड्रेस सही

जानकारी के मुताबिक, बीपीईओ बनूड़ से एक सर्टिफिकेट जांच के लिए पहुंचा था। यह सर्टिफिकेट नवनीत कौर के नाम पर बना था। सर्टिफिकेट साल 2001 का था। जब यह सर्टिफिकेट पीएसईबी में पहुंचा तो इसकी वेरिफिकेशन की गई।

इसमें पता चला कि यह सर्टिफिकेट फिरोजपुर का है, जिसमें नाम और पता सही पाया गया। लेकिन वह परीक्षा पास नहीं है, जबकि सर्टिफिकेट में 293 पास लिखा हुआ है। इससे साफ है कि यह सर्टिफिकेट फर्जी है। बोर्ड ने इस संबंध में गजट की कॉपी भी विभाग को भेज दी है। अब विभाग को आगे की कार्रवाई करनी है।

# पंजाब के तीन शहरों को होली सिटी का मिला दर्जा, सीएम बोले - सरकार करेगी ट्रांसपोर्ट का इंतजाम, विकास की नहीं रहेगी कमी

मोहाली/यूटर्न/21 दिसंबर। पंजाब सरकार ने राज्य के तीन प्रमुख धार्मिक शहरों को पवित्र शहर (होली सिटी) का दर्जा देने का फैसला लागू कर दिया है। इस संबंध में सरकार की ओर से आधिकारिक नोटिफिकेशन जारी कर दिया गया है। यह जानकारी मुख्यमंत्री भगवंत मान ने आज 21 दिसंबर को सोशल मीडिया चैनलों पर लाइव होकर दी। मुख्यमंत्री ने बताया कि इस फैसले का ऐलान सबसे पहले श्री गुरु तेग बहादुर जी के 350वें शहीदी दिवस के अवसर पर श्री आनंदपुर साहिब में किया गया था। उन्होंने कहा कि वह परमात्मा के शुक्रगुजार हैं, जिन्होंने उन्हें यह महत्वपूर्ण निर्णय लेने की शक्ति प्रदान की। सीएम मान ने कहा कि सिख धर्म से जुड़े पांच तख्तों में से तीन तख्त पंजाब में स्थित हैं। इनमें श्री अकाल तख्त साहिब अमृतसर, तख्त श्री दमदमा साहिब तलवंडी साबो और तख्त श्री केसगढ़ साहिब श्री आनंदपुर साहिब शामिल हैं। अब इन तीनों शहरों को आधिकारिक रूप से आस्था के केंद्र और पवित्र शहर का दर्जा दे दिया गया है।



### तीनों शहरों में चलेंगी शटल बसें

सीएम ने कहा कि इन शहरों में श्रद्धालुओं के लिए ई-रिक्शा, मिनी बसें, शटल बसें और अन्य आवाजाही के सार्वजनिक इंतजाम सरकार की तरफ से किए जाएंगे, ताकि वहां पर आने वाली संगत को कोई परेशानी न आए। इन शहरों में मीट, शराब, तंबाकू और नशीली चीजों के बिकने पर पूर्णत: पाबंदी रहेगी।

### शहरों के विकास में नहीं छोड़ेंगे कमी

सीएम ने कहा कि मैं आपको यकीन दिलाता हूं कि इन शहरों के विकास में कोई कसर नहीं छोड़ी जाएगी। ये तीनों शहर हमारे सिर्फ धार्मिक ही नहीं, बल्कि सभ्याचारिक विरसे के भी बहुत बड़े केंद्र हैं। मैं सारी सिख संगत को बधाई देता हूं। यह पवित्र शहरों वाला फैसला बहुत पहले लागू हो जाना चाहिए था।

# दो अलग-अलग स्थानों पर नशा करते दो नशेड़ी गिरफ्तार

चरणजीत सिंह चन्न

जगरांव/यूटर्न/21 दिसंबर। जगराओं पुलिस ने दो अलग-अलग स्थानों पर नशा करते हुए दो व्यक्तियों को पकड़ कर उनके खिलाफ मामले दर्ज किए हैं। थाना सिटी जगरांव की एल/एच.सी. बलजिंदर कौर ने बताया कि वह साथी पुलिसकर्मियों समेत संदिग्ध लोगों की जांच के लिए निकली थी। जब पुलिस पार्टी झांसी रानी चौक से होती हुई श्मशान घाट, साइंस कॉलेज रोड जगराओं पहुंची, तो उन्होंने श्मशान घाट के गेट के पास एक व्यक्ति को लाइटर जलाकर नशा करते देखा। पुलिस ने तुरंत गाड़ी रोककर उस व्यक्ति को काबू किया। पूछताछ के दौरान उसका नाम प्रभजोत सिंह उर्फ प्रीतपाल पुत्र जसवीर सिंह निवासी देहड़का, थाना हथूर, जिला लुधियाना बताया गया। उसके दाहिने हाथ से पुलिस ने एक लाइटर, सिल्वर पन्नी और दस रुपये का नोट (जिससे पाइप बनाई हुई थी) बरामद किया। आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है। इसी तरह, थाना सदर जगराओं के एएसआई मनजीत सिंह ने बताया कि वह साथी कर्मचारियों के साथ इलाके में गश्त और संदिग्ध व्यक्तियों की जांच के लिए निकले थे। जब पुलिस पार्टी कुलार से हांस कलां की ओर जा रही थी, तो नहर किनारे झाड़ियों के पास एक युवक नशा करता दिखाई दिया। पुलिस को देखते ही उसने अपने हाथ में पकड़ा सामान जमीन पर फेंक दिया। पुलिस ने उसे पकड़कर पूछताछ की तो उसने अपना नाम ईसर सिंह उर्फ जीवन पुत्र निर्मल सिंह निवासी छज्जावाल बताया। जांच करने पर जमीन से एक जली हुई सिल्वर पन्नी, दस रुपये का नोट और एक लाइटर बरामद हुआ। इस मामले में भी पुलिस ने कानूनी कार्रवाई कर मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार, दोनों व्यक्तियों को अलग-अलग स्थानों पर नशा करते हुए रंगे हाथों पकड़ा गया और दोनों के विरुद्ध नशा संबंधी धाराओं के तहत कानूनी कार्रवाई की गई है।



# बलजिंदरपाल सिंह सर्वसम्मति से हुशियारपुर प्रेस क्लब के अध्यक्ष चुने गए

दलजीत अजनोहा

हुशियारपुर, यूटर्न, 21 दिसंबर। प्रेस क्लब हुशियारपुर की पदाधिकारियों और सदस्यों की बैठक क्लब अध्यक्ष बलजिंदरपाल सिंह की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में पत्रकारों को पेश आ रही समस्याओं पर विस्तृत चर्चा की गई और उनके समाधान के लिए सरकार से समन्वय स्थापित करने पर जोर दिया गया।

इस अवसर पर प्रेस क्लब के पदाधिकारियों के चुनाव भी कराए गए, जिसमें वरिष्ठ पत्रकार राजेश जैन ने बलजिंदरपाल सिंह के नाम का प्रस्ताव रखा। प्रस्ताव का समर्थन वरिष्ठ पत्रकार नरिंदर मोहन शर्मा सहित सभी सदस्यों ने किया और बलजिंदरपाल सिंह को सर्वसम्मति से दोबारा अध्यक्ष चुना गया। नवनिर्वाचित अध्यक्ष बलजिंदरपाल सिंह ने सभी सदस्यों का आभार जताते हुए कहा कि पत्रकारों के हित, सुरक्षा और अधिकारों की रक्षा उनकी प्राथमिकता रहेगी। उन्होंने प्रेस क्लब को एक मजबूत, एकजुट मंच बनाने, निष्पक्ष व निर्भीक पत्रकारिता को बढ़ावा देने तथा भविष्य में प्रेस क्लब के लिए भवन उपलब्ध कराने के प्रयास शुरू करने का भी आश्वासन दिया।



# सीनियर असिस्टेंट एग्जाम में श्रीसाहिब-कड़े के साथ परीक्षा से रोका, पिता व लोगों के विरोध के बाद दी गई एंट्री



पंजाब/यूटर्न/21 दिसंबर। होशियारपुर के एक प्राइवेट स्कूल में सिख बच्चे को कड़ा और श्री साहिब के साथ परीक्षा में एंट्री नहीं दी गई। पेरेंट्स के विरोध के बाद और पुलिस के बीच में आने से बच्चे को परीक्षा में एंट्री मिल पाई। रविवार को पंजाब सरकार की सीनियर असिस्टेंट के पद की भर्ती के लिए परीक्षा थी। इसके लिए प्राइवेट स्कूलों में सेंटर बनाए गए हैं। एक सेंटर होशियारपुर के प्राइवेट स्कूल में भी था। सुबह 9 बजे जब बच्चा परीक्षा के लिए आया तो उसे गेट पर रोक दिया गया। आरोप है कि उसे कहा गया कि पहले कड़ा और श्री साहिब उतारकर आओ, इसके बाद ही परीक्षा में बैठने दिया जाएगा।हंगामा होने के बाद और सभी के विरोध जाने के बाद बच्चे को परीक्षा में एंट्री मिल पाई।

**तलाशी के लिए कहा, कड़ा-श्री साहिब नहीं उतारा...**स्कूल प्रबंधन का कहना है कि उनके स्कूल में सेंटर बना था। उन्होंने बच्चे को नहीं रोका। गेट पर स्टाफ ने तलाशी के लिए कहा था। कड़ा और श्री साहिब उतारने के बारे में गलतफहमी हुई है। किसी भी बच्चे का धार्मिक प्रतीक नहीं उतरवाया जा सकता। न ही उन्होंने इस पेपर में इस तरह की कोई हिदायत दी थी। मिस अंडरस्टैंडिंग के कारण ये इश्यू बन गया है।



# पंजाब में गैंगस्टरों की गिरफ्त में कबड्डी, अखाड़ा बना खूनी मैदान

## पसीने के साथ बह रहा खून, 2020 से अब तक 12 खिलाड़ियों की जा चुकी है जान





अजीत झा

चंडीगढ़, यूटर्न, 21 दिसंबर। कभी पंजाब के गांवों में कबड्डी का अखाड़ा शान, सम्मान और परंपरा का प्रतीक हुआ करता था। दंगल में इनाम के तौर पर देसी घी, गेहूं की बोरियां, भैंस या ट्रैक्टर मिलते थे और जीतने वाला खिलाड़ी पूरे गांव का हीरो बन जाता था। तब कबड्डी सिर्फ ताकत, हिम्मत और इज्जत का खेल थी।

लेकिन वक्त के साथ इस पारंपरिक खेल की तस्वीर पूरी तरह बदल गई है। आज कबड्डी अखाड़े में पसीने के साथ खून भी बह रहा है। गैंगस्टरों की दखलअंदाजी ने इस खेल को वर्चस्व और दहशत की जंग में बदल दिया है। जैसे-जैसे कबड्डी में पैसा बढ़ा, वैसे-वैसे गैंगस्टरों की नजर भी इस खेल पर पड़ती गई। हालात यह हैं कि अब कई इलाकों में गैंगस्टर तय करते हैं कि कौन सा खिलाड़ी किस क्लब के लिए खेलेगा। जो खिलाड़ी उनकी शर्तें मानने से इनकार करता है, उसे धमकी से लेकर हत्या तक का सामना करना पड़ रहा है। खेल से जुड़े लोगों का कहना है कि कबड्डी खिलाड़ियों की शारीरिक ताकत और गांवों में उनकी लोकप्रियता गैंगस्टरों के लिए सबसे बड़ा हथियार बन गई है। इन्हीं खिलाड़ियों के सहारे अपराधी गिरोह ग्रामीण इलाकों में अपनी धाक जमाना चाहते हैं।

### २010-11 से बदली कबड्डी की तस्वीर

कबड्डी में बड़े पैमाने पर बदलाव की शुरूआत 2010-11 में मानी जाती है, जब पहली बार वर्ल्ड कबड्डी कप का आयोजन हुआ और विजेता टीम को एक करोड़ रुपये का इनाम मिला। टीवी कवरेज, अंतरराष्ट्रीय मंच और बॉलीवुड सितारों की मौजूदगी ने इस खेल को गांव की चौपाल से निकालकर ग्लैमर और पैसे की दुनिया में पहुंचा दिया। इसका असर सीधा गांवों के टूर्नामेंटों पर पड़ा। कपूरथला के भोलाथ में एक टूनार्मेंट में महज दो दिन में 3.5 करोड़ रुपये खर्च किए गए ।आज हालात यह हैं कि एक खिलाड़ी एक ही दिन में कई बुलेट मोटरसाइकिलें जीत लेता है ।पंजाब के टॉप 30 खिलाड़ी एक सीजन में एक करोड़ रुपये से ज्यादा कमा रहे हैं ।करीब 150 खिलाड़ी 40झ50 लाख रुपये की सालाना कमाई कर रहे हैं। अनुभवी खिलाड़ी और आयोजक मानते हैं कि कबड्डी के लिए मजबूत और एकीकृत सिस्टम कभी खड़ा ही नहीं हो पाया ।डोपिंग जांच,खिलाड़ियों की फिटनेस,मैचों की पारदर्शिता,समयबद्ध प्रतियोगिताएं` इन सभी मोर्चों पर गंभीर लापरवाही रही। कई बार खिलाड़ी लगातार रात-रात भर खेलने को मजबूर होते हैं, जिससे उनकी सेहत और सुरक्षा दोनों पर असर पड़ता है। इसी कमजोर व्यवस्था का फायदा गैंगस्टरों ने उठाया। गैंगस्टर संस्कृति की इस घुसपैठ का सबसे खौफनाक चेहरा खिलाड़ियों की मौतें हैं ।2020 से अब तक 12 कबड्डी खिलाड़ी अपनी जान गंवा चुके हैं।

**हाल के मामलों में :** मोहाली में कबड्डी खिलाड़ी राणा बलाचौरिया की हत्या ,लुधियाना ( समराला) में गुरविंदर सिंह , लुधियाना में तेजपाल, नवंबर 2024 में सुखविंदर सिंह सोनी , इससे पहले संदीप सिंह नंगल अंबिया और अरविंदर जीत सिंह पड्डा जैसे नाम शामिल हैं। इन हत्याओं ने पूरे पंजाब में कबड्डी खिलाड़ियों के बीच डर का माहौल बना दिया है।

### फिर भी गांवों में जिंदा है कबड्डी

- इन तमाम खतरों के बावजूद कबड्डी की जड़ें आज भी पंजाब के गांवों में मजबूत हैं। यह खेल अब भी युवाओं को पहचान, रोजगार और सम्मान देता है। कई गांवों में बच्चों और महिलाओं के लिए अलग प्रतियोगिताएं शुरू हो चुकी हैं। बुजुर्गों का कहना है कि कबड्डी ने गांवों को हमेशा जोड़े रखा है, लेकिन अब सवाल यह है कि क्या प्रशासन और खेल संस्थाएं समय रहते इस खेल को गैंगस्टरों की गिरफ्त से बचा पाएंगी, या अखाड़ा यूं ही खूनी मैदान बना रहेगा?

# आवारा कुत्तों का बढ़ता आतंक, महिलाएं-बच्चे सबसे ज्यादा असुरक्षित



मेजर अली

जीरकपुर, यूटर्न, 21 दिसंबर। जीरकपुर शहर में आवारा कुत्तों का खतरा लगातार बढ़ता जा रहा है। हालात इतने गंभीर हो चुके हैं कि अब स्थानीय निवासी घर से बाहर निकलने से पहले भी डर महसूस कर रहे हैं। सुबह की सैर पर निकलने वाले बुजुर्ग अपनी सुरक्षा के लिए हाथ में डंडा या लोहे की रॉड लेकर चलने को मजबूर हैं। बीते कुछ दिनों में बच्चों समेत अन्य स्थानीय निवासियों पर आवारा कुत्तों के हमलों की कई घटनाएं सामने आ चुकी हैं, जिससे इलाके में दहशत का माहौल बना हुआ है। खासकर महिलाएं और बच्चे खुद को सबसे ज्यादा असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। सिग्मा सिटी सोसायटी में हालात और भी चिंताजनक बताए जा रहे हैं। यहां आवारा कुत्तों के झुंड दिन के समय सड़कों और गलियों में घूमते नजर आते हैं। सोसायटी की महिलाओं का कहना है कि बच्चे ट्यूशन, स्कूल या खेलने के लिए बाहर निकलने से डरने लगे हैं। सुबह और शाम के समय सड़कों पर झुंडों में घूमते कुत्ते राहगीरों पर गुरार्ते हैं और अचानक हमला करने की कोशिश करते हैं।

इस समस्या से परेशान सिग्मा सिटी सोसायटी की महिलाओं ने नगर कौंसिल जीरकपुर को लिखित शिकायत सौंपते हुए तुरंत कार्रवाई की मांग की है। सोसायटी निवासी ईशा ने बताया कि आवारा कुत्तों का झुंड अब हिंसक हो चुका है। उन्होंने कहा कि 2 दिसंबर की शाम ट्यूशन से लौट रहे उनके बच्चे पर अचानक कुत्तों के झुंड ने हमला कर दिया। गनीमत रही कि पास मौजूद एक स्थानीय निवासी ने हिम्मत दिखाते हुए बच्चे को कुत्तों के चंगुल से बचा लिया, अन्यथा बड़ा हादसा हो सकता था।

इसी तरह दीपशिखा ने बताया कि 14 दिसंबर को उनकी बेटी के पीछे भी आवारा कुत्तों का झुंड पड़ गया था। बच्ची ने किसी तरह दौड़कर खुद को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया। सुबह की सैर पर निकले लोगों के साथ भी कुत्तों द्वारा हमला करने की कोशिश की घटनाएं सामने आ चुकी हैं। हरमिलाप नगर समेत आसपास के कई इलाकों में कुत्तों के काटने की घटनाएं भी हो चुकी हैं, जिससे लोगों में डर और गुस्सा दोनों बढ़ रहा है।

# ओल्ड यादविंद्रन एसोसिएशन द्वारा वार्षिक एलुमनी डिनर आयोजित



चंडीगढ़, यूटर्न, 21 दिसंबर। ओल्ड यादविंद्रन एसोसिएशन ने आज अपना वार्षिक एलुमनी डिनर बड़े उत्साह और उल्लास के साथ आयोजित किया। इस अवसर पर 1984 से 2022 तक के विभिन्न बैचों के पूर्व छात्र-छात्राएँ एक मंच पर एकत्रित हुए। कार्यक्रम में विशेष रूप से आईसीएसई 2000 और आईएससी 2000 के सिल्वर जुबिली बैचों को सम्मानित किया गया ।यह आयोजन पुराने मित्रों से मिलने, रिश्तों को फिर से जोड़ने और स्कूल की यादों को ताजा करने का एक सशक्त मंच साबित हुआ। नृत्य, संगीत और पुरानी यादों से सजी इस शाम में एलुमनी ने अपने स्कूल जीवन के सुनहरे पलों को साझा किया और साथ बैठकर आत्मीय वातावरण में भोजन का आनंद लिया। रंगारंग डांस परफॉर्मेंस और मधुर संगीत ने समारोह की रौनक को और बढ़ा दिया ।ऐसोसिएशन के अध्यक्ष इंदरजीत सिंह और सचिव शमशीर राणा ने ओपिंदर कौर व हरजीव के साथ मिलकर ऐसे आयोजनों की महत्ता पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि इस तरह के मिलन समारोह न केवल एलुमनी के बीच आपसी संबंधों को मजबूत करते हैं, बल्कि संस्था की विरासत और मूल्यों को भी जीवंत रखते हैं।

कार्यक्रम में स्कूल निदेशक मेजर जनरल टी.पी.एस. वड़ैच, वीएसएम बर्सर कर्नल बराड तथा स्कूल हेड मिसेज नानक की गरिमामयी उपस्थिति रही। विद्यालय के सेवानिवृत्त शिक्षकों को विशेष अतिथि के रूप में सम्मानित किया गया, जिससे कार्यक्रम भावनात्मक रूप से और भी खास बन गया। समारोह का समापन उत्साहपूर्ण माहौल में हुआ। प्रतिभागियों ने भविष्य में भी ऐसे आयोजनों की निरंतरता की इच्छा व्यक्त की, ताकि ओल्ड यदविंद्रन एलुमनी नेटवर्क और अधिक सशक्त हो सके।

# बस की टक्कर से साइकिल सवार की मौत, परिवार को 21.79 लाख रुपये मुआवजा




चंडीगढ़, यूटर्न, 21 दिसंबर। सड़क हादसे में जान गंवाने वाले एक साइकिल सवार के परिजनों को 21.79 लाख रुपये मुआवजा मिलेगा। यह फैसला मोटर एक्सीडेंट क्लेम ट्रिब्यूनल (टअउळ) ने सुनाया है। हादसा दो साल पहले सेक्टर-29 में हुआ था, जब एक प्राइवेट बस ने घर लौट रहे जोगिंदर सिंह को टक्कर मार दी थी। ट्रिब्यूनल ने माना कि हादसा बस चालक की लापरवाही के कारण हुआ। चालक ने बिना हॉर्न दिए अचानक बस मोड़ी, जिससे साइकिल सवार उसकी चपेट में आ गया। टक्कर इतनी भीषण थी कि बस का एक टायर जोगिंदर सिंह के सिर के ऊपर से गुजर गया और उनकी मौके पर ही मौत हो गई।

मृतक सेक्टर-30 का निवासी था। परिजनों ने बस चालक राजन ठाकुर (निवासी सोलन), बस मालिक निर्मल सिंह और गो डिजिट जनरल इंश्योरेंस कंपनी के खिलाफ टअउळ में याचिका दायर की थी। पीड़ित परिवार की ओर से पैरवी कर रहे एडवोकेट ठाकुर करतार सिंह ने बताया कि जोगिंदर सिंह की उम्र 46 वर्ष थी और वह डेंटिंग-पेंटिंग का काम करता था। उसकी मासिक आय करीब 15 हजार रुपये थी। इसी आधार पर परिवार ने 50 लाख रुपये मुआवजे की मांग की थी। हालांकि ट्रिब्यूनल ने सुनवाई के बाद 21.79 लाख रुपये मुआवजा मंजूर किया।

# सीनियर स्टेट बॉक्सिंग चैंपियनशिप में ख्वाइश ने जीता सिल्वर मेडल



चंडीगढ़, यूटर्न,21 दिसंबर। 20 व 21 दिसबर को चंडीगढ़ स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स, सेक्टर-42 में आयोजित सीनियर स्टेट मैन-वूमेन बॉक्सिंग चैंपियनशिप में सेक्टर 41-बी की रहने वाली ख्वाइश (51-54 किलोग्राम वर्ग) ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सिल्वर मेडल अपने नाम किया। ख्वाइश की इस उपलब्धि के पीछे सीनियर कोच भगवंत सिंह और कोच जयहिंद का मार्गदर्शन रहा। वह सेक्टर-42 स्थित कोचिंग सेंटर में नियमित प्रशिक्षण लेती हैं। कोचों और खेल प्रेमियों ने ख्वाइश की मेहनत और लगन की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है ।इस सफलता से क्षेत्र में खुशी की लहर है और युवा खिलाड़ियों को प्रेरणा मिली है।

Owner, Publisher, Printer: - Komal Sharma, Printed by DB Corp LTD VPO Hamira, Distt Kapurthala-144601 (PB), Published by: House No 68, New Sarabha Nagar, VPO Daad, Ludhiana (PB) - 142022, Editor: Sandeep Sharma
* तमाम प्रकाशित सामग्री के चयन व संपादन हेतु आरबीएक्ट के तहत जिम्मेवार।
Contact - +91 9814295372